लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जल्द

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : नए वर्ष में युवाओं के लिए रोजगार का पिटारा खुलेगा। लेखपाल के 7,994 पदों पर भर्ती के लिए इसी महीने विज्ञापन जारी किया जाएगा। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 के आयोजन की भी तैयारियां तेज की जाएंगी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के नए अध्यक्ष एसएन साबत ने कार्यभार संभाल लिया। साबत डीजी सीबीसीआइडी के पद से बीते 31 दिसंबर को ही रिटायर हुए हैं। नई जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने आयोग के कार्यालय का निरीक्षण किया। यूपीएसएसएससी के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे होने वाली भर्ती परीक्षाओं और जिन पदों के लिए विज्ञापन जारी होना है, उनकी जानकारी भी ली।

वहीं आयोग के दो नए सदस्यों ने भी कार्यभार संभाल लिया है। इनमें सेवानिवृत्त आइपीएस अधिकारी सुभाष चंद्र बघेल के अलावा सुरेश चंद्र शामिल हैं। बैठक में आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना व अब तक कार्यवाहक अध्यक्ष रहे ओम नारायण सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।